मोंटफोर्ट स्कूल क्रिसमस उत्सव - 2020

वर्तमान समय बड़ा ही कठिन है। कोरोनावायरस ने देश - दुनिया में उथल-पुथल मचा रखी है। चूंकि हमारा देश उत्सव प्रिय है, अतः विषम परिस्थितियों में भी मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। जिसमें पूर्ण सावधानी बरती गई। सामाजिक दूरी एवं मास्क का पूरा ख्याल रखा गया।

इस त्यौहार के जोश को सभी शिक्षकों ने मिलकर बढ़ाया। यह कार्यक्रम छात्र ऑनलाइन देख सकेंगे

त्योहार की खुशी को बढ़ाने के लिए बीमारी को ध्यान में रखते हुए उसके सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए छात्रों ने भी क्रिसमस ट्री जैसी प्रतियोगिता में ऑनलाइन भाग लिया।

दिनांक 23/12/2020 को इस उत्सव की शुरुआत प्रार्थना नृत्य के साथ की गई जिसमें प्राथमिक विभाग के शिक्षकों ने सुंदर प्रस्तुति दी। नृत्य का मार्गदर्शन श्री अजय सर द्वारा दिया गया। इसी के साथ प्राथमिक विभाग के शिक्षकों द्वारा सामूहिक गीत एवं नृत्य की भी मधुर प्रस्तुति ने छटा बिखेरी।

हिंदी विभाग के शिक्षकों द्वारा सामूहिक गीत ने चार चांद लगा दिए सीनियर विभाग के शिक्षकों द्वारा भी अति मनमोहक सामूहिक गीत एवं प्रार्थना नृत्य की तरंगे बिखेरी गई। सामूहिक गीत को लयबद्ध श्री समर्पित सर द्वारा किया गया एवं नृत्य को तरंगित करने में अंजली मैडम ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन के. के. ने ईसा मसीह की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए क्रिसमस का शुभ संदेश दिया।

कोरोना वायरस जैसे महामारी के विषम समय में सभी के साथ के लिए ब्रदर ने छात्रों, पालको एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया एवं अपने आशीष वचनों से सभी को अनुग्रहित किया। सभी को क्रिसमस एवं नए वर्ष की बधाई दी।

सेंटा के आते ही सभी उत्साहित हो गए। सेंटा द्वारा मिठाई वितरित की गई एवं क्रिसमस की बधाई दी गई।

इस प्रकार विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ केक काटा गया। सभी ने केक का आनंद लेते हुए पुनः क्रिसमस की परस्पर बधाई दी। अंत में आनंद उत्सव के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।